



एक नजर में

### 9 को आईटीआई में प्लेसमेंट का आयोजन

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़।** शासकीय आईटीआई टीकमगढ़ में 9 जनवरी 2026 को प्रातः 10 बजे से जेके टायर एण्ड इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड मुरैना द्वारा कैंपस प्लेसमेंट का आयोजन किया जा रहा है। इस कैंपस प्लेसमेंट में समस्त व्यवसाय के आईटीआई उत्तीर्ण एवं अंतिम वर्ष में अध्ययनरत प्रशिक्षणार्थी तथा पॉलिटेक्निक उत्तीर्ण अभ्यर्थी सम्मिलित हो सकते हैं। अभ्यर्थियों की आयु सीमा 18 से 30 वर्ष निर्धारित है।

चयनित अभ्यर्थियों को प्रथम वर्ष प्रशिक्षण अवधि के दौरान 12,500 से 15,500 रूपये प्रतिमाह मानदेय देय होगा। एक वर्ष पूर्ण होने के पश्चात आईटीआई अभ्यर्थियों को 20,690 रूपये प्रतिमाह एवं डिप्लोमा अभ्यर्थियों को 21,000 रूपये प्रतिमाह मानदेय प्रदान किया जाएगा। कंपनी द्वारा कैंटीन सुविधा एवं कंपनी आने-जाने हेतु वाहन सुविधा नि:शुल्क उपलब्ध कराई जाएगी। इच्छुक अभ्यर्थी निर्धारित तिथि एवं समय पर शासकीय आईटीआई टीकमगढ़ में उपस्थित होकर इस रोजगार अवसर का लाभ उठा सकते हैं। अधिक जानकारी हेतु मनोज विश्वकर्मा प्रशिक्षण अधिकारी के मोबाइल नंबर पर संपर्क किया जा सकता है।

# नल जल योजना के अधूरे कार्य से ग्रामीण परेशान

**जगह-जगह पाइप लाइन से हो रहा पानी लीकेज**

**ठेकेदार ने अधूरा छोड़ा जल जीवन मिशन का कार्य**





**नवभारत न्यूज टीकमगढ/मोहनगढ़**

**तहसील मोहनगढ़ में भी गंदे पानी को लेकर हालात चिंताजनक हैं। हाल ही में प्रदेश के इंदौर के भागीरथपुरा में हुई लोगो की मौतों ने शासन प्रशासन की चिंता बढ़ा दी है। यहां तक कि कई माताओं की गोदे खाली हो गई तो कई माताओं के सुहाग उजड़ गए। मध्यप्रदेश के इंदौर में दूषित पानी पीने से लोगों की मौत के बाद देशभर में पेयजल की गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो गए हैं। इस घटना के बाद मोहनगढ़ में भी गंदा पानी चिंता बढ़ा रहा है। मोहनगढ़ कस्बे में बीते तीन वर्षों से जल जीवन मिशन के तहत नल जल योजना का कार्य चल रहा है जो आज तक पूर्ण नहीं हो सका।**

मोहनगढ़ के ग्रामीणों का आरोप है कि ठेकेदार द्वारा निर्माण कार्य में काफी लापरवाही बरती जा रही है कही जमीन के ऊपर से पानी की सप्लाई लाइन डाल दी गई तो कही कही नाली से होकर पानी की लाइन डाल दी गई। इसके साथ ही कही-कही पुरानी पानी की लाइन में पानी की लाइन जोड़ दी गई जो आज जगह जगह क्षतिग्रस्त एवं लीकेज हो रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि मोहनगढ़ में पीने के लिए शुद्ध पेयजल नहीं मिल रहा है। विभाग एवं ठेकेदार द्वारा इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। मोहनगढ़ में नल जल योजना का कार्य कर रहे ठेकेदार से बात की गई तो उनका कहना है कि हमारे पास जितने का टेंडर था उतना कार्य पूर्ण कर दिया गया है आगे जब जब टेंडर होगा कार्य कराया जाएगा।

मध्यप्रदेश के इंदौर में दूषित पानी पीने से लोगों की मौत के बाद देशभर में पेयजल की गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो गए हैं। इस घटना के बाद मोहनगढ़ में भी गंदा पानी चिंता बढ़ा रहा है। मोहनगढ़ कस्बे में बीते तीन वर्षों से जल जीवन मिशन के तहत नल जल योजना का कार्य चल रहा है जो आज तक पूर्ण नहीं हो सका। जिसके चलते ग्रामीणों को मजबूरन दूषित पानी पीना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से इस और ध्यान देने का आग्रह कर समस्या से निजात दिलाने की मांग की है।

### विधायक ने जताई चिन्ता



वही इस विषय में जब क्षेत्रीय कांग्रेस विधायक सिंह राठौर से बात की गई तो उन्होंने कहा यदि मोहनगढ़ में दूषित पानी की सप्लाई की जा रही है तो चिंताजनक है। इस विषय को लेकर विभाग से बात कर समस्या का जल्द निराकरण कराया जाएगा। उन्होनें बताया कि यह एक गंभीर समस्या है क्योकि यह मामला सीधे ग्रामीण क्षेत्र की जनता से जुड़ हुआ है जिसका निराकरण कराया जाएगा।

### जल्द कराया जाएगा समस्या का निराकरण

जब इस विषय के बारे में पीएचई विभाग के जतारा एसडीओ हर्ष राय से बात की गई तो उन्होंने बताया मोहनगढ़ में पानी की अव्यवस्थित सप्लाई व्यवस्था को देखकर मेरे आते ही नल जल योजना का कार्य रुकवा दिया था। पीडब्ल्यूडी विभाग से रोड के बीच में पाइपलाइन बिछाए जाने को लेकर परमिशन मिल चुकी है बहुत जल्द व्यवस्थित तरीके से पानी की सप्लाई संचालित की जाएगी । जिससे लोगों को शुद्ध पेयजल मिलने लगेगा। मुझे बताया गया कि वर्तमान में पंचायत की पुरानी पाइप लाइन से लोगो को पानी की पूर्ति की जा रही है। जिसमें अब सुधार करने के लिए ग्राम पंचायत के सरपंच एवं संचिव से बात कर इसका निराकरण जल्द कराने के प्रयास किए जा रहे है।

## पेयजल व्यवस्था का करें निरीक्षण



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में टीएल बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर श्री श्रोत्रिय ने सभी निकायों के सीएमओ को निर्देशित किया कि अपने-अपने निकाय में पेयजल पाईपलाईन का निरंतर निरीक्षण करें एवं यदि कहीं से पेयजल संबंधी शिकायत प्राप्त होती हैं तो तत्काल सुधार की कार्यवाही की जाये।**

सीएमओ पेयजल सप्लाई के प्रारंभिक बिंदु एवं सभी वार्डों में सप्लाई होने वाले पानी का सैंपल लेकर शीघ्र रिपोर्ट प्रस्तुत करें। इसी के साथ ही ईईपीएचई को ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल सप्लाई के पानी का सैंपल लेकर आखिरी बिंदु तक पहुंचने वाले पानी की जांच करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि जिले को स्वच्छ बनाने हेतु सभी सीएमओ नियमित स्वयं निरीक्षण करें एवं फील्ड विजिट कर स्थिति का जायजा लें। कर्मयोगी अभियान, सीएम हेल्पलाइन, कोर्ट प्रकरण, अवमानना प्रकरण, आयुष्मान भारत योजना, टी एल पत्रों पर की गई कार्यवाही , विगत टीएल बैठक में दिए निर्देशों पर की गई कार्यवाही की समीक्षा की तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ नवीत कुमार धुर्वे, संयुक्त कलेक्टर शैलेन्द्र सिंह, एसडीएम टीकमगढ़ श्रीमती संस्कृति मुदित लटौरिया, एसडीएम बल्देवगढ़ श्रीमती भारती देवी मिश्रा, एसडीएम जतारा संजय कुमार दुबे, डिप्टी कलेक्टर एसके तोमर तथा सुश्री अंजली शर्मा, निशांत भूरिया सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## संघ ने दिवंगत पटवारी परिवार को दिया सहायता राशि का चेक



**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। जिला पटवारी संघ ने दिवंगत पटवारी के परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान की है। संघ के पदाधिकारियों ने परिवार से मुलाकात कर उन्हें एक लाख रुपये का चेक सौंपा है।**

मोहनगढ़ तहसील में पदस्थ पटवारी रामभरोसे सौंर का 28 दिसंबर को दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया था। रविवार को पटवारी संघ के सदस्य उनके ग्राम लुहरगुवां पहुंचे। वहां उन्होंने मृतक पटवारी की सबसे छोटी बेटी शीलवती को परिजनों की मौजूदगी में एक लाख रुपये का चेक दिया। संघ के अध्यक्ष चंद्रका प्रसाद समारी ने बताया कि समिति ने सेवाकाल के दौरान पटवारी की मृत्यु होने पर आश्रित को एक लाख रुपए देने का प्रावधान किया है। इसी नियम के तहत यह मदद दी गई है। इससे पहले पलेरा में पदस्थ पटवारी मनोज तिवारी की सड़क दुर्घटना में मौत होने पर उनकी पत्नी को भी इतनी ही राशि दी गई थी। इस दौरान जिला पटवारी संघ के अध्यक्ष चंद्रका प्रसाद समारी, निरंजन शर्मा, राजकुमार अहिरवार और हीरालाल प्रजापति सहित कई पटवारी उपस्थित रहे। सभी ने दिवंगत साथी को श्रद्धांजलि दी और परिवार को चेक सौंपा।जिला पटवारी संघ ने दिवंगत पटवारी के परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान की है। संघ के पदाधिकारियों ने परिवार से मुलाकात कर उन्हें एक लाख रुपये का चेक सौंपा है।

## आज होगी कलेक्ट्रेट में जनसुनवाई

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। आज मंगलवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन होगा जिसमें अधिकारी लोगों से प्राप्त शिकायतों का निराकरण करेगे।**

इसके अलावा प्रशासन द्वारा नियुक्त नोडल अधिकारी प्रशासन चलों गांव की ओर के तहत संबंधित ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचकर जनसुनवाई कार्यक्रम में भाग लेगे। नोडल अधिकारी ग्रामीण क्षेत्रों से प्राप्त शिकायती आवेदनों के संबंध में बरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराएगे।

## सरपंच ने राशन दुकान पहुंचकर लिया जायजा



**नवभारत न्यूज, जतारा। जतारा क्षेत्र की ग्राम पंचायत वैरवार सरपंच सुरेन्द्र सिंह दांगी के द्वारा गांव के लोगों को वितरित होने बाली राशन सामग्री की दुकान का निरीक्षण कर दुकानदार को समय पर राशन बांटने के निर्देश दिए ।**

सोमवार को ग्राम पंचायत सरपंच को राशन दुकान पर पहुंचकर जनवरी माह में बांटे जाने बाले राशन सामग्री के संबंध में हितग्राहियों से चर्चा की। जनवरी माह का खाद्यान्न वितरण मौके पर पंचायत के सरपंच ने जाकर जानकारी ली और खाद्यान्न ले रहे हितग्राहियों से बात की वितरण व्यवस्था देखी तो यहां व्यवस्था सही पाई गई। ग्राम पंचायत वैरवार सरपंच सुरेन्द्र सिंह दांगी के द्वारा गांव के लोगों को वितरित होने बाली राशन सामग्री की दुकान का निरीक्षण कर दुकानदार को समय पर राशन बांटने के निर्देश देकर इस कार्य में लापरवाही न करने की बात कहीं।

## पानी की टंकियों को कराया साफ

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निर्देशानुसार मुख्य नगर पालिका अधिकारी ओमपाल सिंह भदौरिया के आदेशानुसार नगर में स्थापित सभी 8 पानी की टंकियों में ब्लाचिंग पाउडर डाल कर दूषित जल की सप्लाई से बचाव के क्लोरीन ट्रीटमेंट किया गया।**

जल प्रदाय प्रभारी उपयंत्री कि निर्देशन में नगर में स्थापित सभी 8 पानी की टंकियों में ब्लाचिंग पाउडर डाल कर दूषित जल की सप्लाई से बचाव के क्लोरीन ट्रीटमेंट किया गया, जिससे नगर में स्वच्छ पेयजल लोगो तक सप्लाई कराया जा सके। इस अभियान में नगर पालिका के जलप्रदाय शाखा के सभापति पार्षद अनीस अहमद भी उपस्थित रहे। सीएमओ के आदेशानुसार 8 पानी की टंकियों में ब्लाचिंग पाउडर डाल कर दूषित जल की सफाई की गई।

## मोबाइल चोरी के आरोप में युवक से जमकर मारपीट



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। नगर बल्देवगढ़ कस्बे में एक मोबाइल दुकान पर मोबाइल चोरी के आरोप में एक युवक के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। दुकानदार ने युवक को मोबाइल चुराते हुए पकड़ा और फिर उसकी पिटाई कर दी। इस घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है।**

यह घटना बीते रोजे देर शाम बल्देवगढ़ कस्बे की एक मोबाइल शॉप की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार युवक मोबाइल खरीदने के बहाने दुकान पर आया था। इसी दौरान उसने दुकान से एक मोबाइल चुरा लिया। दुकानदार को जैसे ही चोरी का पता चला, उसने तुरंत युवक को पकड़ लिया और उसकी जेब से चुराया हुआ मोबाइल वापस ले लिया। इसके बाद दुकानदार ने दुकान के अंदर ही युवक के बाल पकड़े और उसके गालों पर कई चांटे मारे। आसपास मौजूद लोगों ने इस पूरी घटना का वीडियो बना लिया, जो सोमवार को सामने आया।

इस मामले में बल्देवगढ़ थाना प्रभारी प्रीति भार्गव ने बताया कि किसी भी पक्ष ने थाने में शिकायत दर्ज नहीं कराई है।थाना प्रभारी ने कहा कि वीडियो के आधार पर घटना का पता लगाया जा रहा है। जांच के बाद आगे की कार्यवाही की जाएगी। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। नगर बल्देवगढ़ कस्बे में एक मोबाइल दुकान पर मोबाइल चोरी के आरोप में एक युवक के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। दुकानदार ने युवक को मोबाइल चुराते हुए पकड़ा और फिर उसकी पिटाई कर दी। इस घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। बल्देवगढ़ थाना पुलिस इस पूरे मामले की बारीकी से जांच करने में जुटी हुई है।

## पलेरा नगर के सार्वजनिक स्थलों पर जलने लगे अलाव

**नगर परिषद ने ठंड से बचाव के लिए उठाया कदम**

**अध्यक्ष के निर्देश पर परिषद की टीम देख रही व्यवस्था**



**नवभारत न्यूज पलेरा। उत्तर भारत से आ रही बर्फीली हवाओं के कारण क्षेत्र में ठंड का प्रकोप बढ़ गया है। बढ़ती हुई शीतलहर और कड़ाके की ठंड को देखते हुए आमजन को राहत पहुँचाने के लिए नगर परिषद पलेरा द्वारा विशेष कदम उठाए गए हैं। मुख्य नगरपालिका अधिकारी और नगर परिषद अध्यक्ष के निर्देशन में नगर के प्रमुख सार्वजनिक स्थलों और चौराहों पर अलाव की व्यवस्था शुरू कर दी गई है।**

नगर परिषद द्वारा बस स्टैंड, मुख्य बाजार, अस्पताल परिसर, और प्रमुख चौराहों पर सूखी लकड़ियों के अलाव जलवाए जा रहे हैं। इसका मुख्य उद्देश्य रात के समय सफर करने वाले यात्रियों, फुटपाथ पर रहने वाले निराश्रितों और ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों को ठंड से राहत दिलाना है। नगर परिषद अध्यक्ष गायत्री विनोद वर्मा ने बताया कि नगरवासियों की सुविधा और सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है। कड़ाके की ठंड को देखते हुए हमने नगर के सभी प्रमुख सार्वजनिक बिंदुओं को चिन्हित किया है जहाँ अलाव की आवश्यकता सबसे अधिक है। वहीं ने निर्देशित किया है कि अलाव की व्यवस्था नियमित रूप से जारी रहे और लकड़ियों की उपलब्धता में कोई कमी न आए। नगर परिषद की इस त्वरित पहल पर स्थानीय नागरिकों और व्यापारियों ने हर्ष व्यक्त किया है। लोगों का कहना है कि शाम होते ही पारा गिरने से ठिठुरन बढ़ जाती है, ऐसे में अलाव जलने से राहगीरों और जरूरतमंदों को काफी सहारा मिल रहा है। परिषद प्रशासन ने यह भी सुनिश्चित किया है कि आने वाले दिनों में यदि ठंड और बढ़ती है, तो अलाव के केंद्रों की संख्या और बढ़ाई जाएगी।

### नगरवासियों की सुविधा हमारी प्राथमिकता

पलेरा नगर परिषद अध्यक्ष गायत्री विनोद वर्मा ने बताया कि नगरवासियों की सुविधा और सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है। कड़ाके की ठंड को देखते हुए हमने नगर के सभी प्रमुख सार्वजनिक बिंदुओं को चिन्हित किया है जहाँ अलाव की आवश्यकता सबसे अधिक है। वहां अलाव जलाने के लिए नगर परिषद को निर्देश दिए जा चुके है।

**निरीक्षण** — लोगों से बातचीत कर जाना उनका हाल

## नपा के रैन बसेरा की व्यवस्थाएं देखने पहुंचे कलेक्टर एवं सीएमओ



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। बीती देर रात ठंड के मौसम को देखते हुए कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने नगर पालिका सीएमओ के साथ बस स्टैंड स्थित रैन बसेरा और जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने ठंड से बचाव की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। सीएमओ ओमपाल सिंह भदौरिया ने बताया कि कलेक्टर ने न्यू बस स्टैंड स्थित रैन बसेरा में रह रहे लोगों से बातचीत कर उनका हालचाल जाना। शहर में सोमवार को घना कोहरा छाया रहा, जिससे कड़ाके की ठंड बढ़ गई। बीते 24 घंटों में दिन और रात के तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। दिन का तापमान 3 डिग्री घटकर 17.4 डिग्री और रात का तापमान 4 डिग्री घटकर 6.7 डिग्री रिकॉर्ड किया गया।**

दरअसल शीतलहर के प्रकोप को देखते हुए कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने नगर पालिका सीएमओ के साथ बस स्टैंड स्थित रैन बसेरा और जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने ठंड से बचाव की व्यवस्थाओं का जायजा लिया।सीएमओ ओमपाल सिंह भदौरिया ने बताया कि कलेक्टर ने न्यू बस स्टैंड स्थित रैन बसेरा में रह रहे लोगों से बातचीत कर उनका हालचाल जाना। इस दौरान नगर पालिका सीएमओ ओमपाल सिंह भदौरिया और पार्षद प्रतिनिधि अब्दुल जाहिद भी उपस्थित रहे।इसके बाद उन्होंने जिला अस्पताल में मरीजों के परिजनों के लिए की गई अलाव व्यवस्था का भी निरीक्षण किया और सभी को ठंड में सावधानी बरतने की सलाह दी। न्यू बस स्टैंड स्थित रैन बसेरा में 25 पुरुषों और 25 महिलाओं के लिए मुफ्त रुकने की व्यवस्था है। भू अभिलेख कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार, शुक्रवार को अधिकतम तापमान 18 डिग्री और न्यूनतम तापमान 10.8 डिग्री रहा था। शनिवार को अधिकतम तापमान 20 डिग्री और न्यूनतम तापमान 10 डिग्री दर्ज किया गया। वहीं, रविवार को अधिकतम तापमान 20 डिग्री से घटकर 17.4 डिग्री और रात का तापमान 10 डिग्री से घटकर 6.7 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग के अनुसार, इस हफ्ते सर्द हवाओं का दौर लगातार जारी रहेगा।

### पूरे सप्ताह रहेगा कड़ाके की ठंड का असर

शनिवार को अधिकतम तापमान 20 डिग्री और न्यूनतम तापमान 10 डिग्री दर्ज किया गया। वहीं, रविवार को अधिकतम तापमान 20 डिग्री से घटकर 17.4 डिग्री और रात का तापमान 10 डिग्री से घटकर 6.7 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग के अनुसार, इस हफ्ते सर्द हवाओं का दौर लगातार जारी रहेगा। अनुमान है कि दिन का तापमान 17 से 18 डिग्री और रात का तापमान 6 से 7 डिग्री के बीच रहेगा। इस पूरे हफ्ते लोगों को कड़ाके की ठंड का सामना करना पड़ेगा।

## एकता पदयात्रा का ओरछा में समापन

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। ग्राम पंचायत दिगौड़ा से शुरू हुई पुष्य नक्षत्र के उपलक्ष्य में सनातन हिन्दू एकता पदयात्रा का समापन सोमवार को ओरछा नगरी में किया गया। यह यात्रा दिगौड़ा से ओरछा धाम तक निकाली गई थी।**

पदयात्रा में युवा, महिलाएं और बच्चे शामिल हैं। यात्रा में शामिल रवि सोनकिया ने बताया कि नए साल के पहले पुष्य नक्षत्र के शुभ अवसर पर यह यात्रा दिगौड़ा सहित क्षेत्र के कई ग्रामों के लोगों द्वारा निकाली गई है। यात्रा रविवार को किले के मैदान दिगौड़ा से प्रारंभ हुई और 5 जनवरी को ओरछा धाम पहुंची। पदयात्रा के साथ दो डीजे और वाहन भी चल रहे हैंए ताकि बच्चों और बुजुर्गों को पैदल चलने में समस्या होने पर वे वाहनों में बैठकर यात्रा में शामिल रह सकें। पुलिस व्यवस्था के बीच यह यात्रा आगे बढ़ती चली गई।

## शीतलहर के चलते स्कूलों का अवकाश

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। जिले में कड़ाके की ठंड और शीतलहर को देखते हुए प्रशासन ने स्कूली बच्चों को राहत दी है। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने नर्सरी से आठवीं कक्षा तक के सभी स्कूलों में 5 और 6 जनवरी को दो दिन का अवकाश घोषित कर दिया है।**

कलेक्टर के आदेश के अनुसार यह छुट्टी जिले के सभी सरकारी और प्राइवेट स्कूलों के साथ-साथ सीबीएसई , आईसीएसई और माध्यमिक शिक्षा मंडल से जुड़े सभी स्कूलों पर अनिवार्य रूप से लागू होगी। उन्होंने बताया कि यह निर्णय छात्र-छात्राओं के स्वास्थ्य और उन्हें ठंड से बचाने के उद्देश्य से लिया गया है।जिले में रविवार को मौसम काफी सर्द रहा। सुबह से धूप नहीं निकलने और ठंडी हवा चलने के कारण अधिकतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई। पारा 20 डिग्री से घटकर 17 डिग्री सेल्सियस तक पहुँच गया है, जिससे ठिठुरन बढ़ गई है।मौसम विभाग के मुताबिक, अगले दो से तीन दिनों तक शीतलहर का असर बना रहेगा। इस दौरान दिन का तापमान 17 से 18 डिग्री और रात का पारा गिरकर 6 डिग्री सेल्सियस तक जाने की संभावना है। प्रशासन ने लोगों से ठंड से सावधानी बरतने की अपील की है। जिले में कड़ाके की ठंड और शीतलहर को देखते हुए प्रशासन ने स्कूली बच्चों को राहत दी है। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने नर्सरी से आठवीं कक्षा तक के सभी स्कूलों में 5 और 6 जनवरी को दो दिन का अवकाश घोषित कर दिया है। कलेक्टर के आदेश के अनुसार यह छुट्टी जिले के सभी सरकारी और प्राइवेट स्कूलों के साथ-साथ सीबीएसई , आईसीएसई और माध्यमिक शिक्षा मंडल से जुड़े सभी स्कूलों पर अनिवार्य रूप से लागू होगी। जिसको लेकर निजी एवं शासकीय स्कूलों को निर्देश दिए गए है।